(घ) यदि हां, तो उक्त फर्म के प्रतिनिधि द्वारा उठाई गई मुख्य आपत्ति क्या है; और

(ङ) सरकार ने भारत बिजनेस इन्टरनेशनल लिमिटेड के कर्मचारियों को नौकरी उपलब्ध कराने के लिए क्या योजना बनाई है;

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री शान्तिलाल पुरुषोत्तम दास पटेल) : (क) तथा (ख) ऐसा विनिश्चय किया गया है कि सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन लेने के बाद भारत बिजनेस इन्टरनेशनल लिमिटेड (बीबी०आई०एल०) को बन्द करने के सम्बन्ध में उपाय आरंभ किए जाएं । ऐसा निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि सरकार तथा व्यापारिक निगमों के बी०बी०आई०एल० की अतिरिक्त कड़ी अनावश्यक समझी गई है ।

(ग) तथा (घ) जी नहीं ।

(ङ) चूंकि भारत बिजनेस इन्टरनेशनल लिमिटेड में कार्यरत अधिकांश कर्मचारी सहायक निगमों से प्रतिनियुक्ति आधार पर कार्य कर रहे हैं इसलिए, उन्हें भारत बिजनेस इन्टरनेशनल लि० के बन्द हो जाने पर सम्बन्धित सहायक निगमों को वापस भेज दिया जाएगा ।

—

PROCLAMATIONS UNDER ARTICLE 356 OF THE CONSTITUTION,

वस्त्र तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (श्री हुकुमदेव नारायण यादव): श्रीमान्, मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं :—

(i) (क) संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन कर्णाटक के संबंध में उक्त अनुच्छेद के खण्ड 3 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा 10 अक्तूबर, 1990 को जारी की गई उद्घोषणा [सा०का०नि० सं० 833 (अ)] शुद्धिपत्र [सा०का०नि० सं० 878 (अ)] दिनांक 1 नवम्बर, 1990 सहित ।

(ख) उपरोक्त उद्घोषणा के खंड (ग) के उपखण्ड (i) के अधीन राष्ट्रपति द्वारा किया गया आदेश [सा.का.नि. सं० 834(अ)] दिनांक 10 अक्तूबर, 1990 ।

(ग) राष्ट्रपति को उद्घोषणा जारी करने की सिफारिश करने वाला कर्णाटक के राज्यपाल का प्रतिवेदन, दिनांक 10 अक्तूबर, 1990 ।

(ii) उक्त अनुच्छेद के खण्ड (2) के अधीन कर्णाटक राज्य के संबंध में राष्ट्रपति द्वारा 17 अक्तूबर, 1990 को जारी की गई, अपनी 10 अक्तूबर, 1990 को जारी की गई उद्घोषणा का प्रतिसंहरण करने वाली, उद्घोषणा [सा०का०नि० सं० 849(अ)]

(iii) (क) संविधान के अनुच्छेद 356 के खण्ड (3) के अधीन असम राज्य के संबंध में उक्त अनुच्छेद के खण्ड (3) के अधीन राष्ट्रपति द्वारा 27 नवम्बर, 1990 को जारी की गई उद्घोषणा [सा०का०नि० सं० 925 (अ)] शुद्धिपत्र, [सा०का०नि० सं० 941 (अ)] दिनांक 10 अक्तूबर, 1990 सहित ।

(ख) उपर्युक्त उद्घोषणा के खण्ड (ग) के उपखण्ड (i) के अधीन राष्ट्रपति द्वारा जारी किया गया आदेश [सा०का०नि० सं० 926(अ)] दिनांक 27 नवम्बर 1990 ।

(ग) असम के राज्यपाल का राष्ट्रपति को उद्घोषणा जारी करने की सिफारिश करने वाला 26 नवम्बर, 1990 का प्रतिवेदन ।

(iv) (क) संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन गोवा राज्य के संबंध में उक्त अनुच्छेद के खण्ड 3 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा 14 दिसम्बर, 1990 को जारी की गई उद्घोषणा [सा०का०नि० सं० 949 (अ)]

(ख) उपर्युक्त उद्घोषणा के खण्ड (ग) के उपखण्ड (i) के अधीन राष्ट्रपति द्वारा जारी किया गया आदेश [सा०का० नि० सं० 950(अ)] दिनांक 14 दिसम्बर, 1990 ।

(ग) गोवा के राज्यपाल का राष्ट्रपति को उद्घोषणा जारी करने की सिफारिश करने वाला 11 दिसम्बर, 1990 का प्रतिवेदन ।

PAPERS LAID ON THE TABLE

I. Reports and Account'; (1989-90) of Various Textile Industry's Research Associations and related papers...

. Report and Accounts (1989 90) of Paddy Processing Research Centre (Tamil Nadu) Society Thanjavur and related papers,

III. Reports an, Accounts (1989-90) of the Indian Silk Export Promotion , Council Bombay and related papers.

IV. Reports and Accounts (1989.90) of the Cotton Textiles Export Promo tion Council. Bombay and related papers.

V Report and Accounts (1989-90) the Synthetic and Reyon Textile Export Promotion Council Bombay and related papers.

वस्त्र तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री (श्री हुकुमदेव नारायण यादव) : श्रीमान, मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं :—

I (क) 1989–90 के वर्ष के लिए, अहमदाबाद वस्त्र उद्योग अनुसंधान संघ, अहमदाबाद का वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे, लेखाओं पर लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदन सहित ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिए संख्या एल टी -1620/91]

(ख) 1989–90 के वर्ष के लिए, मुम्बई वस्त्र अनुसंधान संघ, मुम्बई का वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे, लेखाओं पर लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदन सहित ।

[पुस्कालय में रखी गई । देखिए संख्या एल टी-1621/91]

(ग) 1989–90 के वर्ष के लिए, दक्षिण भारत वस्त्र अनुसंधान संघ, कोय-म्बटूर का वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे ।

[पुस्तकालय में रखी गई । देखिए संख्या-एल टी-1622/91]

(घ) 1989–90 के वर्ष के लिए, उत्तर भारत वस्त्र अनुसंधान संघ, गाजिया-बाद, का वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे, लेखाओं पर लेखापरीक्षकों के प्रतिवेदन सहित ।

[पुस्तकालय में पखी गई । देखिए संख्या-एल-टी-1623/91]

(ङ) ऊपर (क), (ख), (ग) और (घ) में उल्लिखित संघों के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

[पुस्तकालय में रखी गई (क) से (ङ) तक के लिए देखिये संख्या-एल०टी०-1620 से 1623/91]

II (क) 1989–90 के वर्ष के लिए पैडी प्रोसेसिंग रिसर्च सेंटर (तमिल-नाडु) सोसायटी, तंजाऊर का वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे, लेखाओं पर लेखा-परीक्षक प्रतिवेदन सहित ।

(ख) सोसायटी के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

[पुस्तकालय में रखी गई । (क) और (ख) के लिए देखिए संख्या-एल०टी०-1602/90]

III (क) 1989–90 के वर्ष के लिए भारतीय रेशम निर्यात संवर्धन, परिषद् मुम्बई का वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे, लेखाओं पर लेखापरीक्षकों के प्रति-वेदन सहित ।

(ख) परिषद के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

[पुस्तकालय में रखी गई । (क) और (ख) के लिए देखिए संख्या-एल०टी०-1627/91]